बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

आदेश

बिहार सरकार के बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा महत्वाकांक्षी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम Recruit-Train-Deploy (RTD) योजना संचालित है जिसके अन्तर्गत M/s Reflexions Digital Private Limited को बिहार में प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन की अनुमति "Letter of Award" (LOA) संख्या–BSDM/RTD-45/2022-1277 दिनांक–10. 11.2022 एवं एकरारनामा दिनांक–01 फरवरी 2023 के माध्यम से Logistic Sector के Warehouse Picker एवं Electronics Sector के Multi Skills Technician (Electrical) में दी गई एवं प्रशिक्षण चलाने की अनुमति दी गई।

M/s Reflexions Digital Private Limited ने वित्तीय वर्ष 2022–2023 से 2023–2024 की अवधि के लिए 750 उम्मीदवारों का आवंटित लक्ष्य में से केवल तीन बैचों यथा Batch ID-11125, 11417 एवं Batch ID-11440 के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया, जिसमें मात्र 85 उम्मीदवार शामिल थे। संस्था ने प्रशिक्षण पूरा नहीं किया और न ही बाद में प्रमाणन और प्लेसमेंट पूरा किया और बीएसडीएम से पूर्व अनुमोदन के बिना केन्द्र भी बंद कर दिया। M/s Reflexions Digital Private Limited के प्रतिनिधि 10 जुलाई 2023, 27 नवम्बर 2023, 23 जनवरी 2024, 29 फरवरी 2024 और 28 मार्च 2024 को आयोजित RTD समीक्षा बैठक में शामिल नहीं हुए।

अतएव बीएसडीएम द्वारा संस्था को कार्यालय पत्रांक BSDM/RTD-45/2022-1249 दिनांक–05.06.2024 द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया। इस संबंध में बीएसडीएम द्वारा संस्था को कई पत्र निर्गत किया गया, जिसमें प्रशिक्षण केन्द्र को बंद करने और आरटीडी समीक्षा बैठकों में उनकी अनुपस्थिति के कारणों को स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया।

दिनांक 29.02.2024 को हुए आरटीडी समीक्षा बैठक (BSDM/SDM-26/2021-694 दिनांक–11.03.2024 निर्गत) के MoM के आलोक में समीक्षा बैठकों से अनुपस्थित रहने, बीएसडीएम से पूर्व अनुमोदन के बिना केन्द्र को बंद करने के संबंध में प्रशिक्षण भागीदारों (टीपी) को अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी करने और इस बारे में स्पष्टीकरण मांगने का उल्लेख किया गया, संस्था को RTD कि परियोजना से संस्था को क्यों नहीं बर्खास्त किया जाये और संस्था को अगले दो वर्षों के लिए बीएसडीएम के साथ किसी भी परियोजना में भाग लेने या स्पष्टीकरण मांगने के लिए संस्था को एक पत्र भी जारी किया गया था।

विदित हो कि बीएसडीएम द्वारा संस्था को कई पत्र निर्गत पत्रों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है एवं M/s Reflexions Digital Private Limited के द्वारा आज तक किसी भी भुगतान के लिए बीएसडीएम को कोई विपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

अत: समीक्षोपरान्त M/s Reflexions Digital Private Limited को बिहार कौशल विकास मिशन के RTD योजना के तहत दिये गये LOA एवं एकरारनामा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है तथा बिहार कौशल विकास मिशन के किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने से वंचित किया जाता है।

उपरोक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन

ज्ञापांक—BSDM/ RTD [illegible]—45 / 2022 - 2388 पटना, दिनांक—16/10/2024

प्रतिलिपि— M/S Reflexions Digital Private Limited, Ground Floor, AE 600, Sector 1, Salt Lake City, Kolkata 700064 को सूचनार्थ प्रेषित।

2. Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. मिशन प्रबंधक (वित एवं लेखा) / मिशन प्रबंधक (परियोजना) को सूचनार्थ प्रेषित।
4. KRA & Co. FMAS Cons (BSDM) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. सचिव, श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन